लोकसभा - लोकसभा अध्यक्ष

लोकसभा सचिवालय ने विपक्षी सांसदों के अध्यक्ष ओम बिरला को हटाने की मांग वाले अविश्वास प्रस्ताव के नोटिस में कुछ कमियां पाई हैं। लोकसभा सूत्रों के अनुसार, नोटिस में विपक्षी दलों ने पिछले वर्ष फरवरी में हुई चार घटनाओं का जिक्र किया था और इसके आधार पर नियमों के अनुसार नोटिस को खारिज किया जा सकता था। हालांकि, अध्यक्ष ओम बिरला ने सचिवालय को नोटिस में मौजूद कमियों को दूर करने और निर्धारित प्रक्रियाओं के अनुसार आगे कार्रवाई का निर्देश दिया है। उन्होंने नियमों के अनुसार मामले में त्वरित कार्रवाई का भी आदेश दिया है। सूत्रों ने बताया कि बजट सत्र के दूसरे चरण के शुरू होने के बाद नोटिस को सूचीबद्ध किया जाएगा। उन्होंने कहा कि संशोधित नोटिस प्राप्त होने के बाद निर्धारित नियमों के अनुसार इसकी जांच की जाएगी। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने नैतिक आधार पर यह निर्णय लिया है कि जब तक विपक्ष द्वारा उनके खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव का निपटारा नहीं हो जाता, तब तक वे सदन की कार्यवाही में शामिल नहीं होंगे।

शिवराज बजट

ग्रामीण विकास और कृषि तथा किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने केन्द्रीय बजट 2026-27 को ऐतिहासिक और भविष्योन्मुखी बताया। उन्होंने कहा कि इससे देश में महत्वपूर्ण बदलाव आएगा, साथ ही पूर्वोत्तर भारत में भी परिवर्तन दिखेगा। केन्द्रीय मंत्री ने गुवाहाटी में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि बजट में असम और पूर्वोत्तर क्षेत्र को विकास का ईंजन बनाने के लिए रिकॉर्ड वित्तीय आंवटन किया गया है

डीप फेक सामग्री

सरकार ने सूचना प्रौद्योगिकी-मध्यस्थ दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता नियम, 2021 में संशोधन अधिसूचित किए हैं। अधिसूचना के अनुसार सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को एआई द्वारा निर्मित या डीप फेक सामग्री को सरकार द्वारा चिह्नित किए जाने और न्यायालय के आदेश के बाद तीन घंटे के भीतर हटाना होगा। नए नियम 20 फरवरी से लागू होंगे।

पुण्यतिथि

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज भोपाल के लालघाटी पहुँचकर भारतीय जनसंघ के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि पंडित जी का 'एकात्म मानववाद' और 'अंत्योदय' का दर्शन ही आज के सुशासन का मूल मंत्र है। उन्होंने प्रतिमा

के पास ही विकसित 'नमो वन' का अवलोकन किया और वहां पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

महाकाल वन मेले

उज्जैन में आज से छह दिवसीय 'महाकाल वन मेले' का आगाज़ होने जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज शाम दशहरा मैदान में इसका शुभारंभ करेंगे। मेले में पहली बार 'महाकाल वन प्रसादम' और प्राकृतिक वनोपज से बने होली रंगों को लॉन्च किया जाएगा। यहाँ 250 से अधिक स्टॉल्स पर आपको दुर्लभ जड़ी-बूटियाँ, नि:शुल्क आयुर्वेदिक परामर्श और जनजातीय व्यंजनों का लुत्फ उठाने को मिलेगा।

खजुराहो नृत्य समारोह

मंदिरों की नगरी खजुराहो में 20 फरवरी से 52वां 'खजुराहो नृत्य समारोह' शुरू होने जा रहा है। इस बार यह उत्सव भगवान शिव के 'नटराज' स्वरूप को समर्पित होगा। समारोह के इतिहास में पहली बार एक भव्य सांस्कृतिक कार्निवाल और रैली का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें पद्मश्री कलाकारों की प्रस्तुतियां और 10 देशों के राजदूतों की मौजूदगी इसे वैश्विक स्वरूप प्रदान करेगी।

मौसम

प्रदेश में मौसम के दोहरे तेवर देखने को मिल रहे हैं। दिन में तेज धूप के चलते भोपाल और इंदौर सहित 15 शहरों में पारा 30 डिग्री के पार निकल गया है, जिससे दोपहर में हल्की गर्मी का अहसास होने लगा है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, यह राहत केवल कल तक ही है। 13 फरवरी से हिमालयी क्षेत्रों में बर्फ पिघलने और नए पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से कड़ाके की ठंड एक बार फिर वापसी करेगी, जिससे तापमान में 4 डिग्री तक की गिरावट आ सकती है।

समाचार संक्षेप में :-

- जबलपुर में 5वीं और 8वीं की बोर्ड परीक्षाएँ 20 फरवरी से शुरू हो रही हैं। जिसके लिए जिले में 314 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं

- शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी की एनएसएस इकाई का 7 दिवसीय विशेष नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर का समापन कल मानव जीवन विकास समिति प्रांगण बिजौरी में होगा।

- कल सेफर इंटरनेट डे के अवसर पर शिवपुरी और डिंडौरी में सुरक्षित एवं जिम्मेदार इंटरनेट उपयोग को बढ़ावा देने हेतु जिला स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया।

- अशोकनगर के चंदेरी के ग्राम कड़राना में कल रात नारकोटिक्स विभाग ने छापा मार कर 2 करोड रुपए की एमडी ड्रग बरामद की और 2 युवकों को गिरफतार किया